खबर संक्षेप

## ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**कटनी।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय भोपाल में पदस्थ अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी राजेश कुमार कौल ने बुधवार 30 अप्रैल को कटनी प्रवास के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम और वीवीपैट के वेयरहाउस का निरीक्षण किया। इस दौरान अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी साधना परस्ते, एसडीएम प्रदीप कुमार मिश्रा, नायब तहसीलदार शिवभूषण सिंह और निर्वाचन कार्यालय के सभी अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहें। अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने वेयरहाउस का निरीक्षण करने के बाद उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती परस्ते से निर्वाचन संबंधी गतिविधियों की जानकारी ली और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

## पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के आवेदन 31 मई तक

**कटनी।** पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनांतर्गत जिले की शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं में शैक्षणिक सत्र 2024-25 अध्ययनरत नवीन, नवीनीकरण प्रकरण के विद्यार्थियों के लिए एमपीटॉस पोर्टल पुनरू 31 मई तक प्रारंभ कर दिया गया है। पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने जानकारी दी है कि जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाएँ अपने महाविद्यालय में अध्ययरत पात्र पिछड़ा वर्ग के नवीन, नवीनीकरण विद्यार्थियों के छात्रवृत्ति आवेदन अनिवार्य रूप से अंतिम तिथि के पूर्व भरवाना सुनिश्चित करे । अन्यथा वे पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजना से वंचित रह जाएंगे।

## जिपं के सामान्य प्रशासन की बैठक आज

**कटनी।** जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक आज गुरुवार 1 मई को जिला पंचायत के सभा कक्ष में आहूत की जायेगी। इसी प्रकार सामान्य सभा की बैठक शुक्रवार 2 मई को आयोजित की जायेगी। पहले यह बैठक गुरुवार 17 अप्रैल को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित होनी थी। जिसे जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत द्वारा अपरिहार्य कारणवश स्थगित कर दिया गया है। बैठक का एजेंडा पूर्ववत ही रहेगा। सामान्य प्रशासन समिति के सभी सदस्यों और सामान्य सभा की बैठक से संबंधित सदस्यों से तय तिथि व समय पर बैठक में उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

## संबल योजना का मिला सहारा, झलकी खुशी

**कटनी।** परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य को खोने के बाद मुसीबतजदा परिवार को श्रम विभाग की मुख्यमंत्री जनकल्याण संबल योजना से मिली सहायता राशि से परिवार को संभलने में मदद मिली। शहर के पाठक वार्ड निवासी 56 वर्षीय राजू चौधरी की मृत्यु लकवा लगने से 4 जून 2024 को हो गई थी। राजू के मृत्यु के बाद परिवार के मुखिया और एकमात्र कमाऊ व्यक्ति को खोने के बाद तो चौधरी परिवार पर तो मानो दुखों का पहाड़ टूट पड़ा, परिवार आर्थिक मुसीबतों से घिर गया। राजू चौधरी की पत्नी रत्ना चौधरी को योजना के तहत उनके बैंक खाते में 2 लाख रूपये की आर्थिक सहायता राशि अंतरित की।

## घर के सामने मारपीट कर किया घायल

**कटनी।** पुरानी रंजिश को लेकर दो युवकों ने मिलकर घर पहुंचकर युवक के साथ मारपीट कर घायल कर दिया। मारपीट मे घायल हुए युवक ने पुलिस को शिकायत की है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली थानांतर्गत ग्राम खरखरी निवासी 42 वर्षीय संतोष चौधरी ने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि जब वह घर में था तभी ग्राम के ही विष्णु चौधरी तथा नरेश चौधरी एकराय होकर उसके साथ गाली गलौज करने लगे मना करने पर मारपीट कर घायल कर दिया। फरियादी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए जांच प्रारंभ कर दी है।

### दो से चार सौ रूपए अधिक लेकर पुलिस कार्वाई न होने का दे रहे भरोसा

# रेस्टॉरेंट व ढ़ाबों में बिना लायसेंस परोसी जा रही शराब, नहीं हो रही निगरानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शराब के अहाते बंद होने के बाद अब ढाबे और होटलों में बिना लायसेंस खुलकर शराब पिलाई जा रही है। शहर से लेकर हाइवे के ढ़ाबों में शाम होते ही सुराप्रेमी जाम छलका रहे हैं। नई आबकारी नीति के तहत शराब के अहाते बंद करवा दिए हैं। इसके बाद अब शराबियों के पास शराब पीने की जगह नहीं बची है, इसी का फायदा उठाकर होटल और ढाबा संचालकों द्वारा लोगों को अवैध रूप से शराब पिलाई जा रही है।

शहर के तमाम छोटे बड़े ढ़ाबों व होटलों में जमकर शराब परोसी जा रही है। माधव नगर के चावला चौक के पास, मैन बाजार स्थित छोटे छोटे होटलों में, रंगनाथ थाना के कई स्थानों में, मुड़वारा स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर पांच के पास, कुठला थाना के बस स्टैण्ड सहित आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों में खुलेआम अवैध बियर बार का संचालन जमकर किया जा रहा है। शहर के साथ साथ हाईवे में बने ढ़ाबों तथा होटल संचालकों द्वारा बिना लायसेंस लिए शाम होते ही जाम छलकाए जा रहे हैं। यह सिलसिला शाम ढलते ही देर रात तक जारी रहता है। ऐसा नहीं है कि होटल, ढ़ाबों व रेस्टॉरेंट में हो रहे मुनाफे की जानकारी पुलिस को न हो बावजूद इसके रोजाना शाम ढ़लते ही मयखानों में सुरा प्रेमियों का जमावड़ा लगना शुरू हो जाता है, इन ढ़ावा व रेस्टॉरेंट संचालकों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है।



लोगों का कहना है कि होटल ढ़ाबा व रेस्टारेंट नाश्ता व भोजन के लिए बनाए जाते हैं लेकिन तमाम नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए वहीं पर बैठाकर शराब का सेवन कराया जा रहा है। बिना बार लायसेंस के संचालकों को रोजाना मोटी कमाई की जा रही है, आए दिन शराब के नशे में धुत्त शराबियों द्वारा वाद विवाद की स्थिति भी निर्मित होती रहती है। इस अवैध कारोबार को रोकने पुलिस व प्रशासन पूरी तरह नाकाम साबित हो रहे हैं, किसी भी अधिकारी का ध्यान इस ओर नहीं दिया जा रहा है।

शरह में ऐसा कोई थाना नहीं है जहां ये अवैध कारोबार न चलाया जा रहा हो, लेकिन पुलिस द्वारा सिर्फ राह चलते या फिर सड़क किनारे लगे ठेलों पर ही इक्का दुक्का कार्रवाही कर अपने कर्तव्य का पालन कर स्वयं की पीठ थपथपा रही है, जबकि आधा सैकड़ा से अधिक स्थानों पर रोजाना शाम होते ही खुलकर शराब के जाम शुरू हो जाते हैं। संबंधित थानों की पुलिस भी इन्हीं ढ़ाबों व होटलों के सामने से गुजरते हुए भी आसानी से देखा जा सकता है लेकिन जिम्मेदार पुलिस कर्मियों द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाही न करना पुलिस पर सवालिया निशान खड़े कर रहे हैं।

अवैध शराबखानों में शराब पिलाने के नाम पर दो सौ से तीन सौ रूपए प्रति टेबिल के अनुसार अलग से कमाई की जा रही है जिसके बदले पुलिस द्वारा किसी भी प्रकार की कार्रवाई न होने का भरोसा दिया जाता है।

## संबल योजना के तहत 27 हजार 532 श्रमिकों को मिली सहायता राशि



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

अक्षय तृतीया के अवसर पर धार जिले में आयोजित मुख्यमंत्री मोहन यादव के कार्यक्रम के दौरान संबल योजना के तहत 27 हजार 523 श्रमिक परिवारों को सिंगल क्लिक के माध्यम से अनुग्रह सहायता राशि अंतरित की गई। कार्यक्रम का सीधा प्रसारण नगर निगम के मेयर इन काउंसिल सभागार में आयोजित किया गया।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी एमआईसी सदस्यों की गरिमामय उपस्थिति में संबल योजना के अन्तर्गत नगर निगम क्षेत्र के 16 हितग्राहियों को 36 लाख रुपए की अनुग्रह राशि का चेक वितरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निरंतर इस प्रकार की जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही हैं जिससे कि नागरिकों को किसी भी परिस्थिति में परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस दौरान उन्होंने मध्यप्रदेश शासन द्वारा चलायी जा रही समस्त जनकल्याणकारी योजनाओं हेतु माननीय मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी को धन्यवाद प्रेषित किया। उक्त कार्यक्रम के दौरान मेयर इन काउंसिल सदस्य बीना बैनर्जी, सुभाष शिब्बू साहू, गोविंद चावला, पार्षद शकुंतला सोनी, सीमा श्रीवास्तव, ईश्वर बहरानी, पूर्व पार्षद कमलेश चौधरी, उपायुक्त पी के अहिरवार, सहा यंत्री आदेश जैन, सहा सामुदायिक विकास संगठक सनद विश्वकर्मा, सुनील जार, गनेश बिचपुरिया, ओमप्रकाश सोनी सहित कर्मचारी एवं हितग्राहियों की उपस्थिति रही।

### कई बैंक खाते, एटीएम ,मोबाइल व लैपटॉप हुए जप्त

## IPL ऑनलाईन क्रिकेट का अंतर्राज्यीय गिरोह के सटोरिया पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आईपीएल में ऑनलाईन सट्टे के अंतर्राज्यीय सटोरियों को पकड़ने में पुलिस को सफलता मिली है, ऑनलाइन सट्टे का कारोबार जयपुर से संचालित किया जा रहा है। पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर मामले को जांच में लिया है।

जानकारी के मुताबिक माधवनगर थाना अंतर्गत झिन्झरी पुलिस को मुखबिर द्वारा क्रिकेट मैच में मोबाइल से ऑनलाइन सट्टा खेलने की सूचना मिली थी, सूचना के आधार पर बताए गए स्थान पर तस्दीक कर पुलिस ने आरोपी करण सिन्धी निवासी कैरन लाइन को क्रिकेट मैच में सट्टा लगाते पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 4A सट्टा एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस को आरोपित के पास से एक मोबाइल फ़ोन भी जप्त किया गया था, आरोपित ने बताया कि ऑनलाइन सट्टा के लिए उसे आईडी उपलब्ध कराई गई थी, आई डी की उपलब्ध कराने वाले की जानकारी जयपुर में होने का सुराग मिला। पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल टीम गठित कर जयपुर राजस्थान के लिए टीम रवाना को किया, पुलिस ने जयपुर पहुंचकर टीम के साथ एक फ्लैट में रहकर ऑनलाइन सट्टे का संचालन कर रहे तीन आरोपियों को अभिरक्षा में लेकर कटनी लाया गया। गिरफ्तार आरोपियों में बृजेश सोनी उर्फ विक्की उर्फ विक्कू पिता अशोक सोनी उम्र 26 साल पता अचानकपुर थाना चकर भाठा, बिलासपुर छत्तीसगढ़, अमर बहादुर पिता चंद्र बहादुर उम्र 25 साल पता ग्राम थाना माछीवाड़ा जिला लुधियाना पंजाब, ओंकार निर्मलकर पिता लालजी निर्मलकर उम्र 24 साल पता बजरंग चौक थाना साजा जिला बेमेतरा छत्तीसगढ़ कों पकड़ा गया। जिनके कब्जे से लैपटॉप 2 नग कीमती लगभग 80,000, मॉडेम 1 नग कीमती लगभग 5,000, मोबाइल फ़ोन 7 नग कीमती लगभग 1,20,000, पासबुक 13 नग, एटीएम कार्ड 15 नग जब्त किया गया करते हुए मामले को विवेचना में लिया।




## कानपुर बैंगलुरू स्पेशल ट्रेन कटनी होकर चलेगी, फतेहपुर होकर जाने वाले यात्रियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

जिन यात्रियों को फतेहपुर की ओर यात्रा करना है उनके लिए खुशखबरी है, अब वे कटनी से सीधे फतेहपुर की यात्रा कर सकते हैं वर्तमान में फतेहपुर जाने वाले यात्रियों को प्रयागराज से ट्रेन बदलना पड़ता था, रेलवे द्वारा लिए गए इस निर्णय से फतेहपुर जाने वाले यात्रियों के लिए सुगम यात्रा हो सकेगी। गर्मी के इस मौसम में लोगों को आना जाना काफी बढ़ जाता है जिससे ट्रेनों में समय पर न तो रिजर्वेशन मिल पा रहा है और न ही ट्रेनों में जगह मिल रही ऐसे में रेलवे द्वारा स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है। यात्रियों की भीड़ को देखते हुए रेल प्रशासन द्वारा कानपुर सेन्ट्रल एसएमवीबी बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया गया है। इस गाड़ी में वातानुकूलित एवं शयनयान श्रेणी के कोच रहेंगे। यह गाड़ी पश्चिम मध्य रेल के सतना, कटनी, जबलपुर एवं इटारसी स्टेशनों से होकर गंतव्य को जाएगी। जानकारी के मुताबिक गाड़ी संख्या 04131 कानपुर सेन्ट्रल- एसएमवीबी बेंगलुरु साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 27 अप्रैल से 1 जून तक प्रत्येक रविवार को कानपुर सेन्ट्रल स्टेशन से रात 19.50 बजे प्रस्थान कर, अगले दिन सतना मध्यरात्रि 02.50 बजे, कटनी भोर 04.15 बजे, जबलपुर सुबह 05.35 बजे, इटारसी 09.25 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन मंगलवार शाम 18.30 बजे एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन पहुंचेगी। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 04132 एसएमवीबी बेंगलुरु-कानपुर सेन्ट्रल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन 30 अप्रैल से 4 जून तक प्रत्येक बुधवार को एसएमवीबी बेंगलुरु स्टेशन से सुबह 07.10 बजे प्रस्थान कर अगले दिन जबलपुर दोपहर 15.45 बजे, कटनी शाम 17.05 बजे, सतना 18.30 बजे पहुंचकर और तीसरे दिन शुक्रवार मध्यरात्रि 02.00 बजे कानपुर स पहुंचेगी। रास्ते में यह गाड़ी दोनों दिशाओं में फतेहपुर, प्रयागराज, शंकरगढ़, मानिकपुर, सतना, कटनी, जबलपुर, इटारसी नागपुर, बल्लारशाह, सिरपुर कागजनगर, बेल्लमपल्ली, मंचेरियल, वारंगल, खमम, विजयवाड़ा, चीराला, ओंगोल, नेल्लूर, गुडूर, पेरबूर, अरकोणम जंशन, काटपाडी, जोलारपेट्टई, बांगरपेट एवं कृष्णराजपुरम स्टेशनों पर रूकेगी।

## अपराधियों की शामत: देनी होगी थाने में हाजिरी

- कैमोर के सुरेन्द्र सिंह बघेल तथा नीरज शर्मा को तीन माह तक देनी होगी थाने में हाजिरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दिलीप कुमार यादव ने जिले के दो आदतन अपराधियों क्रमशरू सुरेन्द्र सिंह बघेल उर्फ गुड्डु एवं नीरज शर्मा के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए आगामी 3 माह तक प्रति माह की 1 से 16 तारीख तक कैमोर पुलिस थाना में उपस्थिति देने का निर्देश जारी किया है।

कलेक्टर शने दोनों आदतन अपराधियों के विरूद्ध मध्यप्रदेश राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत कार्यवाही पुलिस अधीक्षक कटनी से प्राप्त कटनी के आधार पर की है। इस कार्रवाही के अंतर्गत कलेक्टर दिलीप यादव ने मेहगांव थाना कैमोर निवासी सुरेन्द्र सिंह बघेल उर्फ गुड्डु के आपराधिक कृत्यों पर अंकुश लगाने के लिए कार्यवाही यह की है। सुरेन्द्र के विरूद्ध मारपीट कर चोट पहुंचाने छेड़खानी करने जैसे मामले पंजीबद्ध है। इनके आपराधिक कृत्य पर अंकुश लगाने कलेक्टर ने सुरेन्द्र उर्फ गुड्डू को आगामी 3 माह की अवधि तक प्रति माह 1 से 16 तारीख को कैमोर थाने में उपस्थिति दर्ज कराने के निर्देश दिए हैं।

इसी प्रकार एक अन्य मामले में अपराधी नीरज शर्मा उम्र 31 वर्ष निवासी तिलक चौक कैमोर के विरूद्ध कुल 4 अपराध प्रकरण पंजीबद्ध है। सुरेन्द्र की आपराधिक प्रवृत्ति से कैमोर क्षेत्र में सार्वजनिक सौहार्द्र और लोक शांति बाधित होने के मद्देनजर कलेक्टर ने सुरेन्द्र को आगामी 3 माह तक 1 से 16 तारीख के बीच पुलिस थाना कैमोर में उपस्थिति देने के निर्देश दिए हैं।

### प्रशासन द्वारा नहीं दिया जा रहा धयान, हादसे का इंतजार

## स्कूल वाहनों में सीसीटीवी, ट्रेकिंग डिवासइ व पैनिक बटन की नहीं हो रही जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

परिजनों के लिए वाहन ट्रैकिंग की सुविधा स्कूल वाहनों के संचालन और सुरक्षा को लेकर परिवहन विभाग ने 2019 में शैक्षणिक वाहन नियंत्रण एवं विनियमन योजना लागू की थी, जिसमें स्कूलों के वाहनों में सीसीटीवी कैमरा, व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस (वीटीडी), और पैनिक बटन लगाना अनिवार्य किया गया था। लेकिन शहर सहित ग्रामीण इलाकों के अनेकों स्कूलों में इस नियम का पालन नहीं किया जा रहा है, जिससे बच्चों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं। नई शैक्षणिक वाहन नियंत्रण पॉलिसी के अनुसार स्कूलों में चलने वाले पीले रंग के वाहनों में व्हीकल ट्रैकिंग डिवाइस लगाना, साथ ही इन वाहनों में कैमरे और पैनिक बटन की व्यवस्था करना अनिवार्य है। इन ट्रैकिंग डिवाइस का एक्सेस संबंधित आरटीओ, शैक्षणिक संस्थाओं, स्कूलों और अभिभावकों को भी दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त, स्कूल वाहन की अधिकतम गति 40 किमी प्रति घंटे से ज्यादा नहीं होनी चाहिए, लेकिन अधिकतर स्कूलों में इस नियम की अनदेखी हो रही है। चालकों के लिए 5 साल पुराना व्यावसायिक ड्राइविंग लाइसेंस होना जरूरी है। यदि किसी चालक यातायात के नियमों का उल्लंघन करतो है तो उसे स्कूल वाहन चलाने की अनुमति नहीं दी जाएगी। विशेष रूप से छात्राओं के स्कूल बसों में महिला परिचालक की नियुक्ति की जाएगी। सभी चालक और परिचालकों का पुलिस सत्यापन भी अनिवार्य होगा। शैक्षणिक सत्र को देखते हुए स्कूल बस, वैन की जांच हर साल की जाती है।

जिले भर में स्कूल प्रबंधकों द्वारा तमाम नियमों की अनदेखी की जा रही है इस ओर शासन प्रशासन द्वारा कोई कदम नहीं उठाया जा रहा ऐसे में कभी भी कोई हादसा हो सकता है।

### ईयरफोन का उपयोग कहीं आपको बहरा न बना दें, बरतें सावधानी

# आंखों व कानों के लिए मोबाइल फोन बेहद घातक, रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

आज के समय में मोबाइल हमारे जीवन का एक बेहद खास व उपयोगी उपकरण का स्थान ले चुका है। मोबाइल फोन सहकर्मियों, मित्रों व रिश्तेदारों के साथ संचार को आसान बनाता है, लेकिन इस तरह के लाभ प्रदान करने वाली हर तकनीक नकारात्मक प्रभावों के एक समूह के साथ आती है। मोबाइल की लत किशोरों, युवाओं, बच्चों हर वर्ग के लिए हानिकारक साबित हो सकती है। केवल सीमित समय में ही मोबाइल का उपयोग करने से मोबाइल से होने वाली बीमारियों का शिकार होने से बचा जा सकता है। विशेषज्ञों के मुताबिक यह लत बच्चों व किशोरों को मानसिक रूप से भी कमजोर करती है।



मोबाइल फोन से होने वाले दुष्परिणाम भी सामने आने लगे हैं, ऐसे में मोबाइल के उपयोग में सावधानी बरतने की आवश्यता है। विशेषज्ञों की मानों तो मोबाल का अधिक उपयोग जहां हमारी आंखों के लिए घातक हैं वहीं ईयरफोन की तेज आवाज हमारे सुनने की शक्ति भी खो सकता है। इसके लिए ईयरफोन को 40 प्रतिशत से कम साउंड रखने की सलाह दी जाती है। ईयरफोन का लंबे समय तक उपयोग आपके सुनने की शक्ति हो खत्म कर सकता है। ईयरफोन लगाकर लगातार तेज आवाज में यूजिक सुनने, काम के दौरान लगातार लगाकर रखने से समस्या बढ़ती है। इसकी सर्वाधिक चपेट में युवा आ रहे हैं। किसी को कानों में इंफेक्शन तो किसी के नसों में प्रभाव पड़ रहा है। वहीं कइयों की सुनने की शक्ति प्रभावित हो रही है। .चिकित्सको की माने तो ईयरफोन से ज्यादा उपयोग करने आजकल कान की बीमारियों से ग्रसित मरीजों की संख्या में बढ़ोत्तरी देखी जा रही है। चिकित्सक उन्हें लगातार ईयरफोन लगाने से मना कर रहे है। चिकित्सकों का कहना है कि कानों के लिए 40 से 60 डेसिबल सुनने की क्षमता निर्धारित है, इससे ज्यादा 85 से 100 डेसिबल साउंड कानों के लिए खतरनाक है, लेकिन अधिकांश इसका उपयोग करते हुए कानों को खराब कर रहे है। जितना अधिक डेसिबल बढ़ेगा उतना ही कानों को नुकसान पहुंचेगा। इयर फोन लगाने से या तेज आवाज के संपर्क में आने से सबसे अधिक समस्या कानों में झनझनाहट सिर में झनझनाहट एवं कानों में दर्द होता है। ईयरफोन का उपयोग कानों को नुकसान पहुंचाता है। तेज आवाज में म्यूजिक सुनने, वर्क फ्रॉम होम के दौरान लगातार ईयरफोन लगाकर रखने से युवाओं में यह समस्या सर्वाधिक हो रही है। कानों में इंफेक्शन के साथ सुनने की शक्ति कम हो रही है। जरुरत होने पर ही ईयरफोन का उपयोग करना चाहिए। विशेषज्ञों की माने तों साउंड का माप 60 डेसिबल दो लोगों के बीच होने वाली सामान्य बातचीत जितनी तेज होती है। 70 डेसिबल से ज्यादा- कानों के लिए हानिकारक। 85 डेसिबल की आवाज को लगातार एक घंटे तक सुनना खतरनाक है। ईयरफोन का उपयोग करते समय हमेशा 40 प्रतिशत वॉल्यूम से ज्यादा न करे, घंटों काम करना पड़ता है तो हर घंटे में 5-10 मिनट निकाल ले, सोते समय ईयरफोन का इस्तेमाल नहीं करना चाहिए, ईयरफोन के अधिक उपयोग करने से कान में दर्द और सूजन के साथ साथ सुनने की क्षमता कम हो सकती है इसके साथ ही बहरेपन का खतरा भी बना रहता है, कान में इंफेक्शन के साथ साथ सिरदर्द और माइग्रेन की भी परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है, व्यक्ति को नींद की परेशानी, कान में मैल जमा होना, दिल की धड़कन बढ़ने जैसे लक्षण सामने आते हैं।

मोबाइल की स्क्रीन पर अधिक समय तक देखने पर आंखों के लिए भी काफी घातक साबित हो सकता है, जल्द ही चश्मा लग सकता है व आंखों की रोशनी में भी कमी आ सकती है, बच्चों के लिए मोबाइल का उपयोग बेहद खतरनाक है।

## भूमि प्रकट् शारदा माता का मनाया 52वां अवतरण उत्सव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

बरगवां स्थित श्री भूमि प्राकट्य शारदा माता 52वां अवतरण उत्सव बुधवार 30 अप्रैल को धूमधाम के साथ मनाया गया। आयोजन में दोपहर 12 बजे प्राकट्उत्सत का कार्यक्रम आयोजित किया गा। जिसमें भक्तों द्वारा मंदिर प्रांगण में मां शारदा माता का विशेष पूजन अर्चन कर विविध अनुष्ठान किए गए। वैदिक मंत्रों से मां का आह्वाहन कर हवन आदि किया गया। तत्पश्चात दोपहर 2 बजे कन्या भोजन उपरांत विशाल भंडारा आयोजित हुआ, जिसमें सैकड़ों की तादात में भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके साथ ही शाम 8 बजे मां शारदा माता की महाआरती का आयोजन हुआ। इस दौरान माता रानी को छप्पन भोग का प्रसाद अर्पण किया गया। कार्यक्रम की श्रृखला में रात्री 9 से बजे विशाल देवी जागरण जबलपुर की प्रसिध्द गायिका प्रीति सरगम द्वारा प्रस्तुत किया गया, जहां देर रात तक भक्तों ने मां के विविध भजनों का आनंद उठाया। भजनों के बीच भक्तजनों ने मधुर भजनों के साथ जमकर नृत्य करते हुए मातारानी के जयघोष लगाकर झूमते नजर आए।

## खबर संक्षेप

### किसानों के खाते में अंतरित हुए 31.42 करोड़



**कटनी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को अक्षय तृतीया के पुण्य अवसर पर जिले के मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के 1 लाख 57 हजार 143 किसानों के बैंक खाते में 31 करोड़ 42 लाख 86 हजार रूपये की राशि अंतरित की। कलेक्ट्रेट स्थित एनआईसी के वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग कक्ष में मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना और संबल योजना के हितग्राहियों ने प्रदेश के धार जिले से मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा संबल और मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की 20वीं किस्त के अंतरण कार्यक्रम के बाद मुख्यमंत्री डॉ. यादव के संबोधन और कार्यक्रम को देखा। साथ ही एनआईसी कक्ष में मौजूद हितग्राहियों ने भी कार्यक्रम के सीधे प्रसारण को देखा।

### बैडमिंटन में परना गोस्वामी की जीत हासिल

**कटनी।** रेल मनोरंजन गृह द्वारा आयोजित बैडमिंटन प्रतियोगिता का फाइनल खेला गया। जिसमें मुख्य अतिथियों डिविजनल इलेट्रिकल इंजीनियर टी आर एस, रिंकू मीणा, वेस्ट सेंट्रल रेलवे मजदूर संघ के मंडल अध्यक्ष एस एन शुक्ला, संदीप स्त्रोते सहायक महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन सदस्य नानक देवानी, अशोक कुमार पाठक, पंकज कुमार, विष्णु रैकवार एवं रेल मनोरंजन गृह के सचिव एजाज खान, धीरेंद्र दहिया एवं श्रीराम तिवारी, चंद्रेश कुमार, रतन निषाद,अवनीश दुबे, पुष्पेंद्र शर्मा, ओमप्रकाश बर्मन, धर्मेंद्र सिंह, रवि कुमार, संजय सेन की उपस्थिति रही, जिसमें अंडर-15 बालक एकल में प्रथम आदित्य परोहा, द्वितीय अथर्व वर्मा, गर्ल्स सिंगल, देवांशी जैन, एन डी न्यशा अग्रवाल, पुरुष एकल में प्रथम आयुष सेन, द्वितीय सुनील कुमार भामा,अथर्व तिवारी, ऋषभ मिश्रा, एनडी शरद धुर्वे, आर्यन सिंह,महिला एकल में प्रथम परना गोस्वामी, द्वितीय अदिति तिवारी, तृतीय मेघा सरावगी ने विजयी हासिल की।

### बका लेकर घूम रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** माधव नगर पुलिस ने एक युवक को धारदार बका सहित गिरफ्तार किया है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली थी कि बंगाली कालोनी के पास एक युवक धारदार बका लेकर घूम रहा है, सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर बताए गए हुलिए के अनुसार जब तलाशी की तो उसके पास से बका जप्त किया। पुलिस ने बताया कि बंगाली कालोनी निवासी 27 वर्षीय सोनू यादव पिता नंद किशोर यादव किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में था, जिसे पुलिस ने समय रहते गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने 392/25 धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है।

### कच्ची शराब सहित युवक पुलिस की गिरफ्त में

**कटनी।** उमरियापान पुलिस ने एक युवक को कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया है। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार 38 वर्षीय बबलू सिंह पिता प्रताप सिंह ग्राम भसेड़ा थाना उमरियापान निवासी के पास से 5 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई है। इस संबंध में पुलिस ने बताया कि गश्त के दौरान संदिग्द्ध अवस्था में जा रहे बबलू से जब पूछताछ की गई तो वह भागने लगा, पकड़े जाने पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली उसके पास से पुलिस को पांच लीटर कच्ची शराब मिली। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

### सट्टा पट्टी काट रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**कटनी।** बड़वारा पुलिस ने एक सटोरियों को सट्टा पट्टी काटते हुए गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सुड्डी थाना बड़वारा निवासी 42 वर्षीय मंगल प्रसाद पटेल पिता हरदार पटेल सट्टा पट्टी का अवैध व्यापार कर रहा था, पुलिस ने ग्राम बसाड़ी मैन रोड के पास से सट्टा खिलाते हुए रंगे हाथ पकड़ा। पुलिस ने दो नग सट्टा पट्टी सहित नगदी जप्त करते हुए संबंधित धारा में प्रकरण दर्ज कर लिया है।

---

### प्रतिबंधित होने के बावजूद खुलेआम हो रहा सिंगल यूज पॉलिथिन का कारोबार

# गौवंश के लिए काल का निवाला बन रहा है सिंगल यूज प्लास्टिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

प्रतिबंधित होने के बावजूद बाजार में सिंगल यूज पॉलिथिन के कारोबार पर रोक नहीं लगाई जा रही है, जिम्मेदार अधिकारी इस कारोबार पर लगाम लगाने में असमर्थ साबित होते नजर आ रहे हैं, सिंगल यूज पॉलिथिन के कारण गौवंश के लिए यह खतरा साबित हो रहा है। कहा जाता है कि सनातन परंपरा के अनुसार गाय को मां का दर्जा दिया गया है लेकिन हमारी खराब आदतों के चलते सिंगल यूज प्लास्टिक गौ माता को मौत के मुंह में ढकेल रहा है। प्रतिबंधित होने के बावजूद लोग अपनी सुविधा के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल करते हैं जिसके चलते बेजुबान पशुओं की जान खतरे में आ जाती है। हमारी खराब आदतें गौ माता को मौत के मुंह में धकेल रही हैं। प्लास्टिक की थैलियों में भरकर फेंके जा रहे खाद्य पदार्थ को गोवंश थैलियों सहित खा जाते है। यही प्लास्टिक 70 फीसदी गौवंश की मौत का



कारण बन रहा है।
आमजन की इस गलत आदत से इन बेजुबान गौवंश को काफी तकलीफ व वेदना सहन करना पड़ रहा है। विशेषज्ञ का कहना है कि प्लास्टिक के सेवन से उनके उपचार में टीम को काफी मशक्कत का सामना करना पड़ता है। गायों के पेट में जमा प्लास्टिक के कारण वे चारा नहीं खा पाती हैं और उनकी मौत हो जाती है। ऑपरेशन के दौरान गाय के पेट से निकाले गए अपशिष्ट में कई ऐसी चीजें निकलती हैं, जिन्हें देखकर दिल पसीज जाता है। प्रतिबंधित होने के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग करके उसे सड़क पर फेंक देना न सिर्फ पर्यावरण के लिए नुकसानदायक है, बल्कि बेजुबान गौवंश की मौत का कारण भी बन रहा है।
जिले भर में हर साल सौ के करीब बीमार गायों को असमय मौत का सामना करना पड़ रहा है। बताया जाता है कि इनके पेट में 25 से 50 किलो तक पॉलीथिन लेयर बन जाती है जिसके बाद वे चारा पानी लगभग बंद कर देते हैं और धीरे धीरे कमजोर होकर बीमारी के कारण काल के गाल में समा जाते हैं।
गौ वंश प्रेमी सतीष सोनी ने शहरवासियों से अपील है कि जाने-अनजाने में प्लास्टिक की पॉलीथिन में बंद करके सड़कों पर कचरा ना फेंकें, क्योंकि बेजुबान मवेशी पॉलीथिन की थैलियों को सीधे ही खा जाते हैं और वे उनके पेट में जाकर गट्ठर के रूप में जमा हो जाती हैं। पॉलीथिन मवेशी के पेट के उस हिस्से में जमा होती है, जहां पाचन क्रिया में सहायक रूमिनो फ्लूड बनता है। पेट में पॉलीथिन की मात्रा बढ़ने पर फ्लूड कम बनने लगता है, जिससे पाचन क्षमता कम हो जाती है और खाना नहीं खाने से गोवंश की मौत हो जाती है। गौवंश के साथ साथ अन्य बेजुबानों को असमय काल का ग्रास बनने से बचाने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग को बंद करना ही एकमात्र उपाय है।

---

## धूमधाम से निकाली गई भगवान परशुराम शोभा यात्रा



हरिभूमि न्यूज ⏭ ढ़ीमरखेड़ा

भगवान परशुराम की जयंती एवं अक्षय तृतीया के अवसर पर ब्राम्हण समाज द्वारा उमरियापान में बुधवार को धूमधाम से भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। परशुराम शिष्य मंडल के सभी सदस्य उमरियापान के बड़ी माई मन्दिर में एकजुट हुए। देरशाम यहाँ से शोभायात्रा शुरू हुई, जो गांव के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः बडी माई मंदिर पहुचीं, जहां शोभायात्रा का समापन हुआ। शोभायात्रा में भगवान परशुराम, भगवान श्रीराम और लक्ष्मण कुमार एवं राधा कृष्ण की जीवंत झांकिया शामिल रही। उत्तरप्रदेश अयोध्या धाम हनुमान कुटी के संत श्रीराम दास महाराज भी शोभायात्रा में रथ पर सवार रहे। कार्यक्रम के दौरान भरभरा आश्रम से संत बनवारी दास महाराज भी पहुँचे। क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों, समाजसेवी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भगवान की झांकियों का स्वागत किया और संतों का आशीर्वाद प्राप्त किया। राधा कृष्ण की वेशभूषा धारण कर नृत्य करते कलाकारों की झांकी आकर्षण का केन्द्र रही। शोभायात्रा में शामिल विप्रजन जय जय परशुराम और जय श्री राम के जयकारे लगाए। वहीं करौंदी आश्रम सहित आसपास के विप्रजन वैदिक मंत्रोच्चार करते हुए चलते रहे। शोभायात्रा के दौरान युवा विप्रजन बैंड बाजों और डीजे साउंड की धुन पर नाचते रहे।भगवान परशुराम की शोभायात्रा में शामिल विप्रजनों के लिए जगह जगह स्टॉल लगाकर शीतल पेयजल वितरण किया गया।

---

**स्वस्छता को लेकर आयुक्त ने की बैठक दिए निर्देश**

## हो जाएं सावधान, सड़क पर अब फेंका कचरा तो होगी सख्त कार्रवाईः आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

नगर स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए आयुक्त नीलेश दुबे ने स्वास्थ्य अमले के साथ बैठक ली। बैठक में आयुक्त ने कचरे को रोड में गिरने से रोकने के विशेष निर्देश दिए है। उन्होंने कहा कि शहर को सही मायने में साफ रखने एवं स्थायी स्वच्छता लाने में कचरे को रोड में गिरने से रोकना प्राथमिक कार्य है, इसके लिए सभी क्षेत्रीय वार्ड दरोगा अपने अपने क्षेत्र में ऐसे लोगो, ठेले वालों, दुकानदार जिनके द्वारा कचरा रोड एवं मुख्य चौराहे में फेंका जाता है, चिन्हित करते हुए उन्हें कचरा रोड में ना फेकनें की अपील किए जाने हेतु कहा इसके बाद भी जिनके द्वारा कचरा रोड में



फेंका जाता है उन सभी पर नोटिस एवं जुर्माना इत्यादि की कार्यवाही किए जाने के भी निर्देश दिए हैं।
इसके साथ ही सभी दरोगा को उनके क्षेत्रों में होने वाले सभी वैवाहिक कार्यक्रमों में आयोजन कर्ता से संपर्क करते हुए उन्हें कचरा बैग उपलब्ध कराते हुए कार्यक्रम के दौरान निकलने वाले कचरे को बैग में ही रखते हुए उन स्थानों से कचरा एकत्रित कर कचरा गाड़ी में डालने के भी निर्देश दिए हैं ताकि ऐसे कार्यक्रमों के दौरान निकलने वाला कचरा कही भी रोड में ना जाये।
आयुक्त नीलेश दुबे ने ऐसे सभी स्थान जहां पर लोगों द्वारा रोज़ाना कचरा फ़ेका जाता है,उन स्थानों को चिह्नित कर उन सभी जगह कर्मचारी तैनात कर लोगों को कचरा फेकनें से रोकते हुए सभी कचरे पॉइंट को नियमित सफाई करते हुए क्लियर किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा सभी इसका भी विशेष ध्यान रखें कि शहर में सफाई के बाद कचरे को रोड में कहीं भी खुला न छोड़े,कचरे को कचरे बैग में ही रखें।
आयुक्त ने संबल योजना में पंजीयन हेतु प्राप्त समस्त आवेदनो पर सत्यापन रिपोर्ट आगामी 7 दिवस में प्रस्तुत करने के निर्देश सभी क्षेत्रीय दरोगा को दिए तथा प्राप्त वस्तुस्थिति के प्रतिवेदन अनुसार समस्त लंबित आवेदनों का पोर्टल पर निराकरण करने हेतु संबल प्रभारी को निर्देशित किया।

---

## बरनमहगवां में आज आयोजित होगी लोक जनसुनवाई, कलेक्टर सुनेगें जन समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ ढ़ीमरखेड़ा

विकासखंड बड़वारा के ग्राम पंचायत बरनमहगवां में आज गुरुवार 1 मई को शाम 4 बजे से आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में कलेक्टर दिलीप कुमार यादव शिरकत करेंगे। कलेक्टर जनता के बीच पहुंच कर, उनसे जनसंवाद कर , शिकायतों और उनकी स्थानीय समस्याओं को जानने की अभिनव और संवेदनशील पहल की है।
लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम में मिलने वाली समस्याओं और शिकायतों के हर आवेदनों पर हुई कार्रवाई की समय-सीमा बैठक में कलेक्टर यादव स्वयं समीक्षा करते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित कर रखा है कि जनोन्मुखी और जवाबदेह प्रशासन के साथ जनसमस्याओं के निराकरण में पूरी संवेदनशीलता बरती जाए। समस्या लेकर यहां आने वाले सभी व्यक्ति निराकरण की उम्मीद से आते हैं, ऐसे में उनके दुःख -दर्द का नियमानुसार निपटारा करना अधिकारियों का नैतिक दायित्व है।
लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम के तहत आज गुरुवार 1 मई को बडवारा विकासखंड के ग्राम पंचायत बरनमहगवां मे, गुरुवार 8 मई को विजयराघवगढ़ के ग्राम पंचायत कारीतलाई में, गुरुवार 15 मई को ढीमरखेड़ा के ग्राम पंचायत अंतर्वेद में तथा गुरुवार 22 मई को विकासखंड रीठी के ग्राम पंचायत मुहास में और गुरुवार 28 मई को विकासखंड कटनी के ग्राम पंचायत हीरापुर कौड़यि में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम होगा।

#### कलेक्टर की जनसुनाई में शिकायत का निराकरण न होने से ग्रामीण परेशान

सिलौंडी में आयोजित कलेक्टर की जनसुनाई में सिलौंडी पंच रघुवीर सिंह ने सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने न होने से हो रही परेशानी से कलेक्टर को अवगत कराते हुए जल्द सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की मांग की थी, ग्रामीणों ने बताया कि शिकायत के दो माह बाद भी सिलौंडी में आधार पंजीयन केंद्र खोलने की प्रकिया शुरू नही हुई जिससे लोग परेशानियो का सामना कर रहे हैं।

---

## अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकने टीम ने जगह जगह किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में बुधवार 30 अप्रैल को अक्षय तृतीया त्यौहार में कु-रीतियों बाल विवाह की रोक-थाम के संबंध में सचिव सुमित शर्मा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, एवं नोडल अधिकारी हर्षित बिसेन जिला विधिक सहायता अधिकारी के द्वारा 29 अप्रैल को पैरालीगल वालेंटियर्स के साथ कार्यालय जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सभा कक्ष में मीटिंग आयोजित की गई।
मीटिंग में पी.एल.व्ही. से चर्चा कर संवेदनशील ग्रामों के लिए टीम



गठित की गई। जिसमें ग्राम पंचायत जुहला के लिए पैरालीगल वालेंटियर्स ममता गर्ग, मीना सोनी, लता खरे एवं ग्राम पंचायत गुलवारा के लिए पैरालीगल वालेंटियर मनीषा प्यासी एवं पैनल अधिवक्ता राज कुमार बक्शी एवं ग्राम पंचायत झलवारा कटंगी खुर्द के लिए पैरालीगल वालेंटियर रवि नामदेव एवं आराधना तिवारी एवं प्रीति सेन के द्वारा भ्रमण कर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। गठित टीम के बुधवार को अक्षय तृतीया पर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को अवयस्क बच्चो का बाल विवाह जैसी कु-रीतियों को रोकने के लिए पता लगाया गया।

---

**निगमायुक्त ने शहर में निःशुल्क प्याऊ लगाने दिए आदेश**

## शहर के अविकसित पार्कों को देगें नया स्वरूप, सर्वे करने दिए गए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

निगमायुक्त नीलेश दुबे ने जल गंगा संवर्धन अभियान की समीक्षा बैठक आयोजित कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए हैं।
बैठक में आयुक्त ने जल गंगा संवर्धन अभियान निकाय अन्तर्गत कॉलोनी एवं अन्य स्थानों में ऐसे पार्क जो की विकास की दृष्टि में पीछे है उनका सर्वे किया जाकर पौधारोपण कर हरित क्षेत्र विकसित करने हेतु निर्देशित किया है जिसस वहां के स्थानीय लोग लाभ उठा सके। साथ ही अभियान अंतर्गत कार्यशाला आयोजित कर स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा जल गंगा संवर्धन अभियान की थीम पर नाट्य, गीत, नृत्य के माध्यम से जागरूक किए जाने के भी दिशा निर्देश दिए हैं।



इसके साथ ही शासन के निर्देशानुसार जिले मे 30 मार्च से 30 जून तक जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत जिले भर में जल संरक्षण से संबंधित अनेक गतिविधियां आयोजित की जा रही हैं।
जलगंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत आयोजित हो रही विभिन्न गतिविधियाँ अभियान के तहत आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक करने के लिए चित्रकला प्रतियोगिता, पोस्टर बैनर सहित अन्य गतिविधियां संचालित की जा रही हैं साथ ही निकाय एवं समाजसेवी संस्थाओं द्वारा शहर के विभिन्न स्थानों पर निःशुल्क सार्वजनिक प्याऊ स्थापित किये गए है एवं कूप सफाई, डैम की साफ-सफाई सहित अनेक कार्य किए जा रहे हैं तथा नागरिकों को जल संरक्षण की शपथ भी दिलाई जा रही है।
अमृत 2.0 अन्तर्गत मोहन घाट एवं मसुरहा घाट में वाटर बॉडी रेजुवेशन कार्य ,मोहन घाट,मसुरहा घाट एवं गाटरघाट में कटनी नदी में मिलने वाले नालों के ट्रीटमेंट हेतु एसटीपी निर्माण इत्यादि कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के दौरान 30 जून 2025 तक पूर्ण किये जाने का लक्ष्य है। इसके साथ ही घरों और सार्वजनिक स्थानों पर उपयोग किये जा रहे पानी के अपव्यय को रोकने के लिए जागरूक करने कहा गया है।

---

**जय जय परशुराम व जय श्रीराम के उद्घोष से गुंजायमान हुआ शहर**

## ढ़ोल नगाड़ों के साथ निकाली गई भगवान परशुराम की शोभायात्रा






हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

बुधवार को भगवान परशुराम जंयती के अवसर पर जिले भर में धार्मिक अनुष्ठान के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर शहर के विभिन्न स्थानों पर धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन कर पूजा अर्चना की गई। ढ़ोल नगाड़ों के साथ भगवान परशुराम जी के अवतरण दिवस पर जगह जगह फूल मालाओं व आरती कर शोभा यात्रा का स्वागवत किया गया। भव्य शोभायात्रा में मौजूद श्रद्धालु उत्साह के साथ जयघोष के नारे लगा रहे थे।
इस अवसर पर मसुरहाघाट स्थित ब्राम्हण सत्संग भवन में सुबह 9 बजे भगवान परशुराम का अभिषेक, पूजन एवं हवन के साथ धार्मिक अनुष्ठानों की शुरुआत हुई।
इसके साथ ही शाम 5 बजे रेलवे स्टेशन चौराहे से भगवान परशुराम की शोभायात्रा प्रारंभ हुई, जो दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर, सुभाष चौक, सराफा बाजार, झंडा बाजार, शेर चौक, आजाद चौक होते हुए पुनः ब्राम्हण सत्संग भवन पहुंचकर सम्पन्न हुई। यात्रा में भगवान परशुराम के जीवन और कार्यों पर आधारित आकर्षक झांकी निकाली गई, जिससे जनसमूह मंत्रमुग्ध हो उठा। अन्य भक्ति झांकियों ने भी शोभायात्रा में धार्मिक उल्लास भर दिया। शोभायात्रा के दौरान शहर के विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। समापन के अवसर पर ब्राम्हण सत्संग भवन में भगवान परशुराम की भव्य महाआरती का आयोजन किया गया तत्पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। ब्राम्हण समाज द्वारा इस आयोजन को सफल बनाने में शहरवासियों का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ।
जिला अस्पताल मार्ग स्थित भगवान परशुराम मंदिर में चाणक्य ब्राम्हण महासभा परिवार द्वारा आयोजित तीन दिवसीय कार्यक्रम का आज समापन हुआ। 28 अप्रैल को भजन संध्या, 29 अप्रैल को मातृशक्ति परिचय एवं मेहंदी महावार कार्यक्रम के बाद 30 अप्रैल को अभिषेक, हवन और पूजन के साथ भगवान परशुराम जयंती पर्व मनाया गया। कार्यक्रमों का समापन भक्तों को प्रसाद वितरण के साथ हुआ। इस दौरान निगम बडी संख्या में लोगो की उपस्थिति रही।
इसके साथ ही बड़वारा, रीठी, उमरियापान, बरही, कैमोर, ढ़ीमरखेड़ा, विजयराघवगढ़ सहित जिलेभर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर जगह जगह धार्मिक अनुष्ठान कर शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

---

## बार बार बंद हो रही बिजली सप्लाई से आमजन परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

गर्मी के मौसम में अनियमित बिजली कटौती से शहरवासी इन दिनो काफी परेशान हैं। अघोषित विद्युत कटौती लगभग रोजाना की जा रही है, दिन हो या रात बिजली कब बंद हो जाए कोई नहीं जानता। गर्मी में रात बिताने में लोगों का पसीना छूट रहा है। शहर में ऐसा कोई दिन नहीं बीत रहा जिस दिन बिजली सप्लाई बाधित न हो, दिन के समय बिजली सप्लाई बंद होने के कारण लोगों के व्यापारिक कार्यो में बाधा उत्पन्न हो रही है। वहीं रात के समय भी बिजली सप्लाई भगवान भरोसे ही चल रही है। सप्लाई बंद होने के बाद घंटों इंतजार करते लोग परेशान हो रहे हैं, ऑफिस सहित दुकानदारों के कार्य बिजली न होने से बंद हो जाते हैं।
शहर के साथ साथ सबसे ज्यादा खराब स्थिति ग्रामीण इलाकों की है जहां अघोषित कटौती ने ग्रामीणों को हलाकान कर दिया है। ढ़ीमरखेड़ज्ञ के अनेकों ग्रामों में कई घंटों के लिए बिजली कटौती की जा रही है। अनियमित बिजली कटौती पर नाराजगी जताते हुए ग्रामीणों ने विभाग से सुचारू रूप से विद्युत सप्लाई जारी रखने की मांग की है। गर्मी के इस मौसम में सबसे ज्यादा नौनिहाल बच्चों व बड़े बुजुर्गो की हो रही है, बच्चे रात रात भर सो नहीं पा रहे हैं वहीं दिन के समय चिलचिलाती धूप के कारण नौनिहाल बच्चे पसीने से लथपथ हलाकान हो रहे हैं। ग्रामीणों को बिजली सुविधा का नियमित लाभ नहीं मिल पा रहा है। ग्रामीणो का कहना है कि राज्य की सरकार बिजली, पानी, सड़क, सुरक्षा जैसी बुनियादी व्यवस्था बहाल करने में फेल है। ऐसे में यहां की जनता ठगा महसूस कर रहे हैं। गर्मी के इस मौसम में बिजली व्यवस्था को दुरूस्त नहीं किया जा रहा है।

## खबर संक्षेप

### पन्ना में जादू टोने के शक में दिन दहाड़े बुजुर्ग की धारदार छुरे से निर्मम हत्या

हरिभूमि न्यूज, देवेंद्रनगर

पन्ना जिले के रानीगंज पुरवा गांव में एक सनसनीखेज घटना सामने आई। जहां 65 वर्षीय एक वृद्ध की छुरे से हमला कर हत्या कर दी गई। परिजनों के अनुसार, हत्या का कारण जादू टोने के शक को बताया जा रहा है। मृतक की पहचान गांव के ही मिहीलाल वर्मा पिता परमलाल वर्मा के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि गांव के कुछ लोगों को मिही लाल पर जादू टोना करने का संदेह था, जिसके चलते उनका कई बार विवाद भी हुआ था। वही आज सुबह, जब मृतक अपने घर सब्जी लेकर जा रहा था पहले से घात लगाये बैठे हमलावरों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में वे गंभीर रूप से खून से लथपथ हो गया और मौके पर ही उनकी मृत्यु हो गई। वही घटना के बाद से क्षेत्र में हड़कंप के हालात बने हुए है। वही घटना की सूचना मिलते ही देवेंद्रनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और आरोपियों की तलाश जारी है। इस घटना से गांव में दहशत का माहौल है। परिजनों ने बताया कि आरोपियों को शक था कि मृतक के द्वारा उनके किसी परिजन पर जादू-टोना किया गया है जिसके चलते उसकी तबियत खराब रहती है और इसी शक के चलते बृद्ध की हत्या की गई है। हालांकि मामला पुलिस विवेचना उपरांत ही स्पष्ट हो पायेगा। वहीं पुलिस द्वारा सुखी लाल वर्मा पिता छूनू वर्मा को आरोपी बनाया है।

### बीती रात इसी पुल पर एक बाईक सवार सडक दुर्घटना में मौत

# यह पुल भी खतरनाक है साहब? यहां भी जरूरी है सुरक्षा के उपाय

### महादेव घाट पुल की तरह यहां भी हो सकता है हादसा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बनवार



बीते दिनों महादेव घाट पुल पर हुए हादसे के बाद कलेक्टर ने त्वरित ही पुल के दोनों तरफ रैलिंग लगाने व स्पीड ब्रेकर बनाने के निर्देश दिए थे और जल्द ही यह काम भी हो गया लेकिन एक और पुल ऐसा है जहां भी यहीं स्थिति है और यहां भी कभी भी कोई बडा हादसा घटित हो सकता है। बीती रात इसी पुल पर एक बाईक सवार को अज्ञात वाहन टक्कर मार गया जिससे उसकी मौत हो गयी। साखा से आगे ग्राम जुझार सडक मार्ग पर व्यारमा नदी पर जो पुल बना है। उसकी एप्रोच रोड पर रैलिंग नहीं लगाई गयी है और बरसात में जब पुल के ऊपर बाढ का पानी आता है तब यह पानी पुल के बाजू से एप्रोच रोड को काटता हुआ नीचे जाता है जिससे एक बडा गहरा गड्ढा बन गया है। रैलिंग ना होने से कोई भी वाहन यहां गिर सकता है और बडा हादसा घटित हो सकता है, बीते रात इसी गड्ढे से बचकर जा रहे बाईक सवार ग्राम हलगज निवासी अजमेर सिंह लोधी को अज्ञात वाहन टक्कर मार गया। जिला अस्पताल लाने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, समय रहते यदि पुल की एप्रोच सडक पर रैलिंग ना लगाई गयी और गड्ढे को नहीं भरा गया तो कोई भी बडा हादसा घटित हो सकता है। पिंटू दुबे स्थानीय निवासी का कहना है ग्राम साखा सहित आसपास के स्थानीय निवासी इस पुल के दोनों तरफ रैलिंग लगाने की मांग काफी समय से कर रहे है लेकिन अभी तक किसी ने भी इस ओर ध्यान नहीं दिया है, अब लोगों को दमोह कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर से उम्मीद है कि वो इस ओर जरूर ठोस कदम उठायेंगे।

### पंचायत मंत्री आज जिले में विभिन्न कार्यक्रमों में होंगे शामिल

**दमोह।** प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल 01 मई 2025 को दमोह जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आप प्रातः 11 बजे सैनिक सोसायटी शक्ति नगर जबलपुर से व्हाया कटंगी-जबेरा-नोहटा होते हुये अपरान्ह 1 बजे दमोह पहुंचेंगे और स्थानीय किशन तलैया में जलगंगा संवर्धन कार्य का शुभारंभ करेंगे। पंचायत मंत्री श्री पटेल अपरान्ह 1.20 बजे किशन तलैया से प्रस्थान कर अपरान्ह 1.30 बजे सर्किट हाऊस पहुचेंगे, आप लंच उपरांत पत्रकार वार्ता तथा जनप्रतिनिधियों से भेंट करेंगे, शेष समय आरक्षित रखा गया है। आप अपरान्ह 3.15 बजे सर्किट हाऊस से प्रस्थान कर शाम 4 बजे जरारूधाम गौ अभ्यारण पहुचेंगे और पंच - सरपंच सम्मेलन में शामिल होंगे। जरारूधाम गौ अभ्यारण में शुभचिंतकों, सहयोगियों के साथ चर्चा करेंगे एवं भोजन उपरांत रात्रि विश्राम करेंगे। पंचायत मंत्री श्री पटैल 02 मई को प्रातः 7.30 बजे जरारूधाम गौ अभ्यारण दमोह से व्हाया सिमरिया-अमानगंज होते हुये पन्ना पहुंचेंगे।

## नदी संरक्षण का लिया संकल्प



**तेंदूखेड़ा।** ब्लाक के ग्राम जरुआ में अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर गौरईया नदी के उद्गम स्थल पर ग्रामीण विकास समिति जीव्हीएस के तत्वावधान में यूएनडीपी स्माल ग्रांट प्रोग्राम टेरी के सहयोग से जल गंगा अभियान के अंतर्गत गोरईया नदी पूजन, जन संवाद, नदी की साफ सफाई की गईं और जल संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में ग्रामवासियों, किसानों, महिलाओं, युवाओं एवं सरपंच, पंचायत प्रतिनिधियों की उत्साहजनक भागीदारी रही। पूजन के उपरांत नदी किनारे 3000 से अधिक पौधे रोपे जाने और गौरईया नदी को स्वच्छ एवं जीवंत बनाए रखने का संकल्प लिया गया। जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण, जैविक खेती पर राजेश सिंह द्वारा जानकारी दी गई। धरमदास पाल ने बताया कि गोरईया नदी उदगम स्थल से डलान बाले क्षेत्र के लगभग 100 ग्रामो में जलापूर्ति होती है। हर साल अक्षय तृतीया को जल संकल्प दिवस के रूप में मनाया जाएगा। नदी किनारे जैविक, प्राकृतिक खेती की जाएगी जिससे जल संरक्षण मृदा संरक्षण और वनस्पति का संरक्षण हो सके। उपस्थित लोगों में सरपंच नवल झरिया, चन्नू सिंह, हल्ले भाई यादव, प्रहलाद सिंह, सुधा बाई, वर्षा गोंड, सविता बाइ, नीरज यादव सहित ग्राम के लगभग 25 लोगों की उपस्थिति रही।

### मतदाता सूची का अद्यतीकरण 6 मई तक

**दमोह ।** मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पंचायतो के रिक्तन पदों हेतु फोटोयुक्त मतदाता सूची के पुनरीक्षण के संदर्भ में जारी किए गए। निर्देशों के परिपालन में जनपद पंचायत हटा अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायतों के प्राधिकृत अधिकारी अपनी-अपनी ग्राम पंचायत भवन में उपस्थित रहकर 6 मई तक आवेदन लेंगे। रजिस्ट्रीकरण अधिकारी राकेश सिंह मरकाम ने बताया सभी संबंधित प्राधिकृत अधिकारी प्रातः 10:00 बजे से शाम 05 बजे तक उपस्थित रहकर मतदाताओं से परिवर्धन, निरसन एवं संशोधन फार्म प्राप्त करेंगे। उक्त कार्य में ग्राम पंचायत के सचिव एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों का सहयोग करेंगे। जो भी मतदाता अपनी ग्राम पंचायत की मतदाता सूची में नाम जुड़वाना चाहते हैं संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों को निर्धारित आवेदन प्रस्तुत कर नाम जुड़वा सकते हैं।

## अक्षय तृतीया का दिया दान अक्षय प्रदान करता है : वैष्णवी गर्ग

**दमोह।** कथा व्यास किशोरी वैष्णवी गर्ग जी के मुखारविंद से दसोंदी धाम में वैशाख मास में आयोजित श्रीमद भागवत कथा में सभी भक्तों को किशोरी वैष्णवी गर्ग जी द्वारा पंचम दिवस की कथा श्रवण कराई गई, जिसमे श्री कृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया गया। किशोरी जी ने कहा धनवान व्यक्ति वही है जो अपने तन, मन, धन से सेवा भक्ति करे वही आज के समय में धनवान व्यक्ति है। परमात्मा की प्राप्ति सच्चे प्रेम के द्वारा ही संभव हो सकती है। पूतना चरित्र का वर्णन करते हुए किशोरी जी ने बताया कि पूतना राक्षसी ने बालकृष्ण को उठा लिया और स्तनपान कराने लगी। श्रीकृष्ण ने स्तनपान करते-करते ही पुतना का वध कर उसका कल्याण किया। किशोरी जी ने कहा सभी को गौ माता की सेवा, गायत्री का जाप और गीता का पाठ अवश्य करना चाहिए। गाय की सेवा से 33 करोड़ देवी देवताओं की सेवा हो जाती है। भगवान व्रजरज का सेवन करके यह दिखला रहे हैं कि जिन भक्तों ने मुझे अपनी सारी भावनाएं व कर्म समर्पित कर रखें हैं वे मेरे कितने प्रिय हैं। भगवान स्वयं अपने भक्तों की चरणरज मुख के द्वारा हृदय में धारण करते हैं। पृथ्वी ने गाय का रूप धारण करके श्रीकृष्ण को पुकारा तब श्रीकृष्ण पृथ्वी पर आये हैं। इसलिए वह मिट्टी में नहाते, खेलते और खाते हैं ताकि पृथ्वी का उद्धार कर सकें। गोपबालकों ने जाकर यशोदामाता से शिकायत कर दी ,मां तेरे लाला ने माटी खाई है यशोदामाता हाथ में छड़ी लेकर दौड़ी आयीं। 'अच्छा खोल मुख।' माता के ऐसा कहने पर श्रीकृष्ण ने अपना मुख खोल दिया। श्रीकृष्ण के मुख खोलते ही यशोदा जी ने देखा कि मुख में चर-अचर सम्पूर्ण जगत विद्यमान है। आकाश, दिशाएं, पहाड़, द्वीप, समुद्रों के सहित सारी पृथ्वी, बहने वाली वायु, वैद्युत, अग्नि, चन्द्रमा और तारों के साथ सम्पूर्ण ज्योतिर्मण्डल, जल, तेज अर्थात प्रकृति, महतत्त्व, अहंकार, देवगण, इन्द्रियां, मन, बुद्धि, त्रिगुण, जीव, काल, कर्म, प्रारब्ध आदि तत्त्व भी मूर्त दीखने लगे। पूरा त्रिभुवन है, उसमें जम्बूद्वीप है, उसमें भारतवर्ष है, और उसमें यहब्रज, ब्रज में नन्दबाबा का घर, घर में भी यशोदा और वह भी श्री कृष्ण का हाथ पकड़े। बड़ा विस्मय हुआ माता को। श्री कृष्ण ने देखा कि मैया ने तो मेरा असली तत्त्व ही पहचान लिया है। श्री कृष्ण ने सोचा यदि मैया को यह ज्ञान बना रहता है तो हो चुकी बाललीला, फिर तो वह मेरी नारायण के रूप में पूजा करेगी। न तो अपनी गोद में बैठायेगी, न दूध पिलायेगी और न मारेगी। जिस उद्देश्य के लिए मैं बालक बना वह तो पूरा होगा ही नहीं। यशोदा माता तुरन्त उस घटना को भूल गयीं। किशोरी जी ने कहा कि आज कल की युवा पीढ़ी अपने धर्म अपने भगवान को नही मानते है, लेकिन तुम अपने धर्म को जानना चाहते हो तो पहले अपने धर्म को जानने के लिए गीता, भागवत ,रामायण पढ़ो तो, तुम नहीं तुम्हारी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारी हो जायेगी। ब्रजवासियों ने इंद्र की पूजा छोडकर गिर्राज जी की पूजा शुरू कर दी तो इंद्र ने कुपित होकर ब्रजवासियों पर मूसलाधार बारिश की, तब कृष्ण भगवान ने गिर्राज को अपनी कनिष्ठ अंगुली पर उठाकर ब्रजवासियों की रक्षा की और इंद्र का मान मर्दन किया। तब इंद्र को भगवान की सत्ता का अहसास हुआ और इंद्र ने भगवान से क्षमा मांगी व कहा हे प्रभु मैं भूल गया था की मेरे पास जो कुछ भी है वो सब कुछ आप का ही दिया है। गुरूवार को श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह होगा।

## ब्राह्मण धर्मशाला में विप्र समाज द्वारा मनाई गई भगवान परशुराम जयंती



**हटा।** सर्व ब्राह्मण समाज हटा की तत्वाधान में भृगुकुल नंदन भगवान परशुराम जी का प्राकट्य महोत्सव समारोह का आयोजन नगर की ब्राह्मण धर्मशाला में धार्मिक अनुष्ठानों के बीच धूमधाम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातःकालीन बेला में भगवान श्री परशुराम की वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पंडितो द्वारा पूजा अर्चना कर विप्र समाज के अध्यक्ष ने उपस्थित सभी समाज के लोगों के साथ विधि विधान से हवन पूजन किया गया इसके उपरांत प्रसाद भंडारे के साथ धार्मिक कार्यक्रम सम्पन्न हुए। आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में विप्रजनों की मौजूदगी रही।

## सांसद व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष का किया स्वागत



**दमोह।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद विष्णु दत्त शर्मा का सागर नाका टोल पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने प्रदेश अध्यक्ष का पुष्प हार पहनाकर, ढोल नगाड़ों के साथ उनका स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष के दमोह आगमन पर पूर्व जिला अध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, दमोह सांसद राहुल सिंह, पूर्व विधायक प्रधुम्न लोधी, जिला पंचायत अध्यक्ष रंजीता पटेल एवं गौरव पटेल उपाध्यक्ष रमन खत्री, संजय सेन, अमित बजाज सुरेश पटेल, रिंकू गोस्वामी युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रिंस जैन, भरत यादव,पवन तिवारी,ब्रज गर्ग,नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र चौरसिया ब्रजेश लोधी, सुनील यादव लालू जैन मनीष तिवारी श्याम दुबे दीपक मिश्रा महेंद्र राठौर राकेश लोधी राजुल चौरहा सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## भगवान बुद्ध की प्रतिमा का अनावरण सम्पन्न



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हिण्डोरिया

स्थानीय वार्ड क्रमांक 11 नगर हिंडोरिया में बौद्ध रीति रिवाज से नव गृह प्रवेश और सामूहिक बौद्ध मूर्ति का अनावरण रीवा से चलकर आए भिक्षु महानाम भंते जी के व्दारा किया गया। इस अवसर पर भिक्षु महानाम भंते जी ने संपूर्ण बुद्ध की गाथा अपने सुवचनों के माध्यम से समझाते हुये नगर वासियों को सुनाई। साथ ही गौतम बुद्ध के द्वारा बताए हुए सतमार्ग पर चलने, सभी तरह के पाखंड अवधारणाओं से दूर रहने को कहा । साथ ही अपनी जीवन शैली को सुधारने के लिए कई तरीके बताएं। यह कार्यक्रम भूपेंद्र बौद्ध के नव निर्मित घर में हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के भर के अलग-अलग गांव एवं शहर से लोग आए । और सभी ने अपना अमूल्य समय देते हुये सहयोग किया। कार्यक्रम मे एलपी सूर्यवंशी, ललित सूर्यवंशी, देशराज अहिरवार, संतोष अहीरवार, सुजात खान , एड-संजय साहू,लक्ष्मण पटेल, संदीप बौद्ध, गजेंद्र प्रसाद, रिटायर्ड जज जीपी अहिरवार सहित अन्य बहुत सारे लोगों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कर आयोजन की सराहना की। साथ ही लोगों को गौतम बुद्ध के बताये मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित किया।

## क्षेत्रीय केंद्र दमोह में किया गया श्रमदान

**दमोह।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देश अनुसार स्वच्छ भारत मिशन के तहत ₹स्वच्छता पखवाड़ा₹ अंतर्गत सांस्कृतिक स्त्रोत एवं प्रशिक्षण केंद्र, क्षेत्रीय केंद्र दमोह के परिसर में श्रमदान किया गया। इस दौरान शिक्षा विभाग, स्वयंसेवी संस्थाए, नगर के वरिष्ठ एवं विशिष्ट नागरिक, सीसीआरटी के अधिकारी-कर्मचारीगण सहित लगभग 50 लोगों ने श्रमदान कर सफाई अभियान को सफल बनाने में अपना सहयोग दिया।



## भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया

### घर का माहौल शुद्ध और सुंदर होगा तो जन्म लेने वाली संतान संस्कारी होगी-पं वेदप्रकाश शास्त्री



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

समीपस्थ ग्राम रसीलपुर में मां कलेही माता मंदिर प्रांगण में श्री बालकृष्ण अठया द्वारा आयोजित सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिवस कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जन्मोत्सव में बहुत बड़ी संख्या में माता बहने पंडाल पर बाल गोपाल के जन्म पर लाला दर्शन करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। कथा में भगवान कृष्ण के जन्म पर प्रकाश डालते हुए धर्म मार्ग को प्रेषित करने के लिए कथावाचक पंडित श्री वेद प्रकाश कृष्ण जी महाराज ने कहा कि कर्म का मूल संकल्प शक्ति होता है। अगर संकल्प मजबूत हो तो जगदीश्वर को भी आना पड़ता है। आप जिस कार्य को करते हैं, अगर मन लगाकर मजबूती से अनुरूप क्रिया करेंगे तो सफलता अवश्य प्राप्त होती है। धन्य है वो माता-पिता जो मरने से पहले पांच प्रकार की संपत्ति अपने बच्चों को सदगुण के रूप में दे कर चले जाते हैं। कम बुद्धि हमेशा विवाद करवाती है और सद्बुद्धि संवाद करती है इसलिए बुद्धि को बढ़ाओ। शास्त्री जी की कथा में आगे बताया कि आप जिस घर में रहते हो उस घर का माहौल इतना शुद्ध और सुंदर बना दो कि वहां पर जन्म होने वाली संतान संस्कारी बन जाए ग्रस्त आश्रम को सुधार लो क्योंकि ग्रस्त आश्रम सबसे बड़ा आश्रम होता है चार तरह के ज्ञान अपने आप प्रकट होते है। कथा के अंत में उन्होंने भगवान श्री कृष्ण की जन्म की कथा सुनाते हुए बताया कि जब भी धरती पर अनाचार अत्याचार का आतंक बढ़ जाता है तब धर्म की रक्षा करने के लिए भगवान अवतार लेते हैं। कंस का अत्याचार चारों दिशाओं में इतना बढ़ गया था कि सभी जगह हाहाकार मच गया तब सभी की रक्षा करने के लिए भगवान ने कारागार में देवकी के गर्भ से जन्म लिया कथा में जन्म के उपरांत संगीतमय बधाई भजनों की प्रस्तुति पर कलाकारों द्वारा जोरदार नृत्य की प्रस्तुति दी गई इस दौरान श्रोतागण भी भगवान की जन्म उत्सव पर जमकर झूमे, इस दौरान कथा पंडाल मथुरा वृंदावन सा प्रतीत होने लगा।

## शिक्षक हुए सेवानिवृत, विद्यालय में हुआ विदाई समारोह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा

ब्लॉक के ग्राम तेजगढ़ शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तेजगढ़ में व्याख्याता के पद पर पदस्थ रहे शिक्षक कैलाश चंद्र सोनी जी का भावभीनी विदाई समारोह आयोजन किया गया I सर्वप्रथम मां सरस्वती का दीप प्रज्वलन माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ I कैलाश सोनी जी के जीवन व्यक्तित्व पर कार्यक्रम किए गए विशेष अतिथि ठाकुर उमराव सिंह जी शिक्षक ने समाज में प्रतिष्ठित एवं आपका समाज में महत्व पर प्रकाश डाला वहीं शिक्षक विष्णु विश्वकर्मा एवं उनकी संगीत पार्टी के द्वारा बुंदेली शैली में सोनी जी के जीवन वृतांत की संगीतमय प्रस्तुति की गई जिसमें श्री दीपचंद सिंघई अध्यक्ष पेंशनर्स एसोसिएशन तेजगढ़ मंडल अध्यक्ष ने सोनी जी के पारिवारिक पृष्ठभूमि पर अपनी बात कही और अपने संघ की सदस्यता दिलाई I इनके अलावा शिक्षक मनोहर इनवाती ने गुरु महिमा एवं शिक्षक के समाज में महत्व पर अपनी गीतों के माध्यम से कार्यक्रम रसमय कर दिया । वहीं श्री भारत सिंह लोधी पूर्व BJP मंडल अध्यक्ष तेजगढ़ ने अपनी बात रखी साथ ही उच्चतर माध्यमिक शाला तेजगढ़ के प्राचार्य अनरत सिंह ने सोनी जी के गुणों को नई शिक्षा पीढ़ी को लेने की बात कही वही राजेश ठाकुर ने भी संगीत प्रस्तुति कर समां बांध दिया I कार्यक्रम का संचालन शिक्षक महेंद्र दीक्षित 'जनसेवी' ने किया, हाई स्कूल स्टाफ से शिक्षक संतोष प्रधान ने सभी का आभार माना इसके उपरांत समस्त संकुल तेजगढ़ के शिक्षक शिक्षिका एवं नागरिक उपस्थित रहे जिनके द्वारा गाजे बाजे के साथ कैलाश चंद्र सोनी जी को विदाई दी गई एवं उन्हें घर तक छोड़ा गया । उक्त कार्यक्रम वर्षों तक याद किया जाएगा ।

## सांसद ने मूर्ति का किया अनावरण



**दमोह।** जिले की शासकीय सरदार पटेल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में देश की एकता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल जी की मूर्ति का अनावरण दमोह संसदीय क्षेत्र के सांसद राहुल सिंह लोधी ने किया । इस अवसर पर सांसद श्री राहुल सिंह ने कहा राष्ट्र की एकता और संप्रभुता की रक्षा उनके जीवन की सर्वोच्च प्राथमिकता थी। उनका व्यक्तित्व और कृतित्व देश की हर पीढ़ी को प्रेरित करता रहेगा। इस अवसर पर रमाकांत वाजपेयी, राजेन्द्र चौरसिया, समाजसेवी अमर सिंह राजपूत, स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारीगण, विद्यालय स्टाफ की उपस्थिति रही।

### झोलाछाप डॉक्टार से संबंधित शिकायत दर्ज करायें

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया झोलाछाप डॉक्ट्र से संबंधित शिकायत अथवा सूचना दमोह हेल्पगलाइन पर दर्ज कराई जा सकती है। दमोह जिले के नागरिकों को यदि कहीं झोलाछाप डॉक्टंर इलाज करते हुए दिखाई दें तो इसकी शिकायत अथवा सूचना दमोह हेल्पिलाइन 07812-350300 पर दर्ज करा सकते हैं। उन्होंने कहा शिकायतकर्ता अथवा सूचना देने वाले की जानकारी गोपनीय रखी जायेगी।

**खबर संक्षेप**

### अनुग्रह सहायता हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम संपन्न

दमोह। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल 2.0) योजना अनुग्रह सहायता हितग्राहियों को हितलाभ वितरण कार्यक्रम आज 30 अप्रैल 2025 को उमरबन जिला धार (म.प्र.) में सिंगल क्लिक किया गया है। जिसमें मध्यप्रदेश के 27523 हितग्राहियों को 600 करोड़ की राशि डी.बी.टी के माध्यम से बैंक खाते में अंतरण किया गया। दमोह जिले के 538 हितग्राहियों को 11 करोड़ 58 लाख की राशि का भुगतान किया गया है, तथा जिले की समस्त निकायों में उक्त कार्यक्रम लाईव प्रसारण किया गया।

### तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 15 मई 2025 तक

दमोह । राज्य शासन ने खरीफ वर्ष 2024-25 (विपणन वर्ष 2025-26) में तुअर उपार्जन हेतु पंजीयन की अंतिम तिथि 30 अप्रैल 2025 से बढ़ाकर 15 मई 2025 तक निर्धारित की है। इस सबंध में उप संचालक कृषि जेएल प्रजापति ने कहा कृषक हित को दृष्टिगत रखते हुए सभी किसान बंधु निर्धारित केंद्रों पर आवश्यक अभिलेख प्रस्तुत कर पंजीयन करा सकते हैं।

### 1 से 31 मई तक अभियान

दमोह। कलेक्टर सुधीर कुमार ने बताया जिले में सीमांकन, नामांतरण, बंटवारा इन प्रकरणों का निराकरण जो अविवादित है निराकरण किया जाएगा। उन्होंने कहा 1 से 31 मई तक राजस्व रिकॉर्ड के कॉलम नंबर 12 में इसको अपडेट कराने की कार्रवाई की जा रही है।

शिकायत पर पुलिस ने की होती कार्यवाही तो शायद बच जाती गरीब की जान

# युवक की हत्या से भड़का आक्रोश, तेज धूप में सड़क पर परिजनों ने किया प्रदर्शन





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

जिले के पथरिया थाना अंतर्गत नदरई गांव में विवाद के चलते देर रात एक युवक की हत्या कर दी गई थी। बुधवार को तेज धूप में गुस्साए परिजनों ने जिनमें बड़ी संख्या में महिलाएं तथा बच्चे भी शामिल थे ने घटना के विरोध में पथरिया के संजय चौराहे पर धरना प्रदर्शन करके चकाजाम के हालात निर्मित कर दिए। इस दौरान पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए पीड़ित महिलाओं द्वारा गंभीर आरोप भी लगाए गए। इनका कहना था कि पूर्व में की गई शिकायत पर पुलिस ने कार्यवाही की होती तो शायद यह हत्या नही हो पाती। फिलहाल पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने समझाइस तथा कार्यवाही का भरोसा डिकर देकर इस प्रदर्शन को समाप्त करा दिया है।

पथरिया टी आई सुधीर बेगी अपनी कार्य प्रणाली को लेकर हमेशा चर्चा में बने रहते हैं। पथरिया थाना अंतर्गत चाहे नाबालिक से छेड़छाड़ पर कार्यवाही न होने के चलते नाबालिक के आत्म हत्या का मामला हो यो शराब माफिया, सट्टा माफिया को संरक्षण का मामला हो। सुधीर बेगी हमेशा सवालों के घेरे में रहे हैं। एक बार फिर समय पर कार्यवाही न करने के चलते एक आदिवासी को अपनी जान गंवानी पड़ी। तपती धूप में सड़कों पर चीखती चिल्लाती मृतक पक्ष की महिलाएं शायद भगवान से न्याय मांग रही है क्योंकि उन्हें पथरिया थाने में न्याय नहीं मिला। जिनका शायद इस व्यवस्था से विश्वास उठ गया है। पीड़ितों को थाने ने न्याय मिलना अब असंभव सा दिखता है। इतना ही नहीं परिजनों ने आरोप लगाया कि एफआईआर का डर दिखाकर थाने में अवैध वसूली भी की जाती है। बुधवार को पथरिया जनपद के ग्राम नदरई में हुई हत्या ने एक बार फिर पथरिया पुलिस की कार्य प्रणाली को लेकर सवाल खड़े कर दिए है। समझौता करवाने के नाम पर थाने में अवैध ने अपराधियों के हौसले बुलंद किए और परिणाम स्वरूप एक व्यक्ति की हत्या कर दी गई।

#### पुलिस पर लगाये आरोप

दरअसल मृतक रामरतन आदिवासी एवं हत्यारोपी गणों के बीच पुराने विवाद को लेकर पहले भी मार पीट हो चुकी थी जिसकी शिकायत लेकर 18 अप्रैल 2025 को पीड़ित एवं आरोपी पक्ष पथरिया थाने पहुंचे थे। पथरिया पुलिस ने मामले में ढुलमुल रवैया अपनाते हुए दोनों पक्षों को शांत कर घर भेज दिया था। वहीं मृतक के भाई ने आरोप लगाया कि 18 अप्रैल को हुए विवाद में पुलिस ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज की थी और दस हजार रुपए भी वसूले थे। वहीं सूत्रों का कहना है कि 18 अप्रैल को हुए विवाद में किसी भी पक्ष पर कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई थी। मृतक रामरतन के भाई की बात की सच है या नहीं ये बात विवेचना के उपरांत ही सिद्ध होगी। वहीं मृतक के पिता ने बताया कि दो महीने पहले भी आरोपी पक्ष द्वारा उनके छोटे लड़के की एफआईआर की गई थी और 18 अप्रैल को हुए विवाद में भी उसके लड़के पर एफआईआर दर्ज की गई थी।

#### सड़क पर किया हंगामा

ग्राम नदरई में हुई रामरतन आदिवासी की हत्या के मामले में पथरिया पुलिस ने चार लोगों को नामजद किया है। हत्याकांड में मुख्य आरोपी के रूप में मुट्टे सौंर, चंदू सौंर, रत्तू सौंर, मोहन सौंर को नामजद किया गया है। वहीं मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि रामरतन की हत्या सात लोगों ने मिलकर की थी जिसमें से पुलिस ने सिर्फ चार लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। तीन अन्य आरोपियों को छोड़ने को लेकर मृतक के परिजनों ने तपती धूप में सड़क पर हंगामा किया, सड़क पर बैठकर कर न्याय मांगा। मृतक के परिजनों का आरोप है कि रामअवतार, विजय, फ़ुल्लू ठाकुर को पुलिस ने छोड़ दिया है जबकि रामरतन की हत्या में उपरोक्त लोग शामिल थे।

इस संबंध में पथरिया थाने का प्रभार संभाल रहे एसआई संतोष सिंह का कहना है कि आरोपी अभी फरार है उनकी तलाश जारी है जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।किंतु सूत्रों की माने तो चार आरोपियों को रात्रि में ही गिरफ्तार कर लिया गया था जिन में से दो आरोपी रतीराम उर्फ रत्तू आदीवासी एवं बल्लू आदीवासी जिन्हें झगड़े के बीच मामूली चोटें आई थी सीएसपी अभिषेक तिवारी की मौजूदगी के दौरान डाक्टर अमित जैन के द्वारा पथरिया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराया गया था।

## सीएम हेल्पलाइन का उड़ाया जा रहा मजाक, 6 महीने बाद भी नहीं हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबेरा

मध्य प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री एवं जिला कलेक्टर महोदय यहां लोगों की समस्याओं के तत्काल निराकरण के लिए सीएम हेल्पलाइन 181 पर आई शिकायतों का शीघ्रता से निराकरण करने हेतु निर्देशित कर रहे हैं। तो वही अधिकारियों द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर आयी शिकायतों का मजाक उड़ाते हुए 6 महीने तक निराकरण नहीं किया जा रहा है जिससे शिकायतकर्ता हताश होता जा रहा है। इसी तरह का मामला जबेरा जनपद पंचायत के अंतर्गत सामने आया है जहां शिकायतकर्ता जबेरा निवासी भारत शर्मा ने बताया कि इस वर्ष अतिथि शिक्षक हेतु शासन स्तर से मेरिट सूची अनुसार चयन होना था। जिसमें अक्टूबर 2024 को प्रयोगशाला सहायक के पद पर शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला सिंगपुर में मेरा चयन हुआ था। परंतु जब मैं ज्वाइन करने विद्यालय पहुंचा तो विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विनोद झारिया के द्वारा मुझे तीन दिनों तक लगातार पूरे दिन विद्यालय में बैठाया गया। शिकायतकर्ता भारत शर्मा ने बताया कि उसके बाद प्रभारी प्राचार्य द्वारा मुझसे कहा गया कि यदि तुम्हें उपस्थिति देना है तो दस हजार रुपए देने होंगे। जिस पर मैंने अपनी स्थिति का हवाला देते हुए पैसा देने में असमर्थता व्यक्त की तो प्रभारी प्राचार्य ने झल्लाकर मेरे कागज फेंकते हुए कहा कि अधिकारी से लेकर मंत्री तक को पैसा देना पड़ता है दूसरे आवेदक अधिक रुपए देने के लिए तैयार हैं। जिसकी शिकायत भारत शर्मा द्वारा तुरंत प्रभारी प्राचार्य के ऑफिस से ही सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज कराते हुए पूरे मामले से अवगत कराया गया।

शिकायतकर्ता ने आगे बताया कि पूरा सत्र व्यतीत होने के बाद भी आज दिनांक तक किसी भी अधिकारी द्वारा मुझसे शिकायत के संबंध में कोई बात नहीं की गई। जबकि मेरे द्वारा 181 पर कॉल करके अनेकों बार अपनी शिकायत की जानकारी चाही गई परंतु कोई ठोस जवाब नहीं दिया गया। शिकायतकर्ता भारत शर्मा ने बताया कि पूरा सत्र निकल चुका है किंतु सीएम हेल्पलाइन पर की गई शिकायत का 6 महीने बाद भी निराकरण नहीं हुआ जिससे मैं बहुत हताश हूं। अतः जिला प्रशासन से मांग करता हूं कि मेरे द्वारा की गई शिकायत की जांच कर उचित कार्यवाही की जाए।

## पुलिस ने सात सटोरियों को पकड़ा

दमोह। पुलिस ने क्रिकेट का ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले सात लोगों पर कार्यवाही की है। यह कार्रवाई तब की गई है जबआईपीएल को शुरू हुए एक माह हो चुका है अभी तक 49 मैच खेले जा चुके है। ऐसे में इस कार्रवाई को लेकर लोगों के मन मे सवाल जवाब उठाना लाजमी है। एसपी श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में कोतवाली निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में पुलिस साइबर सेल की टीम ने ऑनलाइन आईपीएल सट्टे बाजो का पता लगाकर कार्यवाही की है। पकड़े गए 7 आरोपियों के कब्जे से 6 मोबाइल कीमत 81 हजार 500 एवं नगद 5450 रुपए जप्त किये गए है। जप्त मोबाइलों में लाखों रुपए का हिसाब होने की बात भी कहीं जा रही है। इस अभियान के दौरान कुल 7 आरोपियों के विरुद्ध 4 अलग-अलग प्रकरण पंजीबद्ध कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियो में अक्कू उर्फ अखलेश रैकवार, निवासी जबलपुर नाका, दमोह, रिंकू यादव निवासी सिविल वार्ड 04, दमोह, टिंकू उर्फ कृष्णकुमार राय, निवासी बजरिया वार्ड 07, दमोह, रीतेश चौरसिया (48), निवासी फुटेरा वार्ड 01, दमोह, अखलेश असाटी 38 निवासी टंडन बगीचा, दमोह, पप्पू उर्फ प्रवीण चौरसिया (48), निवासी असाटी वार्ड 01, दमोह 7. मनीष असाटी (40), निवासी इंदिरा कॉलोनी, दमोह शामिल है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक मनीष कुमार के साथ-साथ साइबर सेल और कोतवाली स्टाफ के कई जवानों की भूमिका अहम रही। टीम में प्रमुख रूप से प्रआर सौरभ टंडन, प्रआर राकेश अठ्या, प्रआर अजित दुबे, प्रआर प्रमोद चौबे, प्रआर पंकज, आर नरेन्द्र पटेरिया, आर ब्रिजेन्द्र मिश्रा, आर रूपनारायण, आर कृष्ण कुमार लोधी, आर प्रदीप शर्मा, और आर आकाश पाठक शामिल रहे।

सिग्रामपुर में वन माफिया का आतंक

## फलको मंदिर परिसर से चोरी हुआ चंदन का पेड़



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिग्रामपुर

दमोह जिले के सिंग्रामपुर में वन माफिया का आतंक बढ़ता जा रहा है। ताजा मामला फलको मंदिर परिसर का है, जहां अज्ञात चोरों ने 15 वर्ष पुराना 7 से 8 फीट लंबा चंदन का पेड़ काटकर चोरी कर लिया। इस पेड़ की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है।

#### मंदिर परिसर में चोरी की यह दूसरी घटना

यह कोई पहला मामला नहीं है, जब फलको मंदिर परिसर से चंदन का पेड़ चोरी हुआ हो। इससे पहले भी 6 महीने में एक और चंदन का पेड़ काटकर चोरी किया जा चुका है। मंदिर के महंत जगदीश दास महाराज ने वन विभाग और राजस्व विभाग के अधिकारियों को इस मामले की जानकारी दे दी है।

#### वन माफिया की सक्रियता

वन माफिया की सक्रियता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है। चोरी किए गए चंदन के पेड़ की कीमत लाखों रुपये बताई जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर दहशत का माहौल है।

#### मंदिर परिसर में सुरक्षा के इंतजाम नहीं

मंदिर परिसर में सुरक्षा के इंतजाम नहीं होने के कारण इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन विभाग और प्रशासन को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए।

#### कार्रवाई की मांग

मंदिर के महंत जगदीश महाराज ने वन विभाग और राजस्व विभाग से मांग की है कि इस मामले में कड़ी कार्रवाई की जाए और चोरी किए गए पेड़ की बरामदगी की जाए। उन्होंने कहा कि वन माफिया के खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए ताकि इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

## अक्षय तृतीय दान दिवस पर मुनिराज को गन्ने के रस का दिया आहार दान





हरिभूमि न्यूज ▶▶ पटेरा

श्री बडे बाबा जैन जिलन शाखा पटेरा कुंडलपुर द्वारा अक्षय तृतीया पर क्षेत्र प्राप्त निर्देशानुसार इस महत्वपूर्ण दिन पर गणधर तीर्थ क्षेत्र बेलाजी पटेरा में विराजमान बुंदेलखंड केसरी आचार्य श्री सिद्धांतसागर जी ससंघ साधुओ को गन्ने के रस का आहार दान दे कर पुण्य लाभ प्राप्त किया। प्रभारी बनाये गये राजेन्द्र बजाज के नेतृत्व में महेश जैन, नरेन्द्र बजाज, निर्मल जैन, स्वतंत्र जैन सहित सभी वीर बंधुओ ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी ने मिलन के सभी साथियों को आर्शीवाद प्रदान किया। बाद में सभी उपस्थित जनों को गन्ने के रस का वितरण किया गया।

#### तीन रत्न का पालन करने वाले महामुनि को मिला था आहार

*पटेरा। आचार्य श्री सिद्धांत सागर जी महाराज ने मिलन शाखा के सदस्यों को विशेष रूप से आज का महत्व बताया। उन्होने कहा कि श्रावक धर्म का जन्म हुआ है। श्रावक धर्म एवं मुनि श्रावक परंपरा का प्रारंभ हुआ था। महामुनि आदिनाथ जी महाराज को आज के दिन एक वर्ष बाद आहार मिला था। आज का आहार अक्षय को प्राप्त हो गया था। तीन रत्न सम्यक दर्शन, सम्यक ज्ञान, सम्यक चारित्र का पालन करने वाले महामुनि आहार मिला था। राजा श्रेणिक को स्वपन आया था कि उन्हे किस प्रकार पड़गाहन व आहार देना है, वैसा उन्होने किया व एक वर्ष बाद आहार मिला था। आज दान का धर्म के प्रवर्तक रहे है। आज के महत्व को आप सब समझे।*

## परशुरामजी का प्रकट-उत्सव मनाया



पटेरा। सर्व ब्राह्मण समाज पटेरा द्वारा बड़ी धूमधाम से भगवान परशुराम जी का प्रकट उत्सव मनाया गया। सुबह 8 से हरदौल मंदिर पटेरा में सुंदरकांड हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया जिसमें पटेरा और पटेरा के ग्रामीण क्षेत्र से विप्र समाज की उपस्थिति रही।

## अक्षय तृतीया पर धूमधाम से हुआ गुड्डा-गुडियों का विवाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ हटा

बुंदेलखंड क्षेत्र में सदियों से चली आ रही परंपरा का निर्वाहन आज भी अक्षय तृतीया अक्ती पर नगर व क्षेत्र में मिट्टी के गुड्डा-गुड़ियों के विवाह की रस्म निभाई जाती है, बुधवार के दिन बच्चों ने मिट्टी के गुड्डा गुड़ियों को लेकर वट वृक्ष के नीचे पहुंचकर प्रतीकात्मक विवाह पूरे विधि-विधान और पारंपरिक रीति रिवाज के साथ रस्में पूरी की और घर से पकवान बनाकर बच्चियों ने अपनी सहेलियों के साथ विवाह की रस्में पूरी कर भोजन ग्रहण किया। सुबह से ही बच्चों द्वारा अपने घर में सुबह गुड्डा गुडियों को सुंदर आकर्षक कपड़ों में सजाकर उनकी पूजा अर्चना की एवं सायंकाल के समय वट वृक्ष वरगद के नीचे पहुंचकर गुड्डा गुडियों को बैठाकर उनकी पूजा अर्चना की और उसके बाद अपने गुडडे गुडियों की गांठ बांधकर इनको शादी के बंधन में बांधा। नगर में सभी वट वृक्ष के नीचे इसी तरह का नजारा देखने को मिला। मान्यता के अनुसार अक्षय तृतीया के दिन बिना किसी शुभ मुहुर्त के विवाह संपन्न होते है जिसमें विवाह पर साक्षात भगवान की उपस्थिति रहती है।

## धूमधाम से मनाई परशुराम जयंती



हिंडोरिया। नगर में भगवान परशुराम का जन्मोटत्सअव धूम धाम से मनाया गया उपाध्याय मोहल्लाह के प्राचीन गणेश मंदिर में सर्व ब्राहम्णी समाज के लोग एकत्रित हुये जहां पर भगवान परशुराम के चित्र पर श्रदधालुओ ने पूजन कर पुष्पि चढाये इसके वाद पंडित शिवकुमार द्वारा हवन पूजन किया गया इसक वाद एक कार्यक्रम किया गया जिसमें सुधाशु चौवे ने कहा आज की युवा पीढी को भगवान परशुराम के जीवन चरित्र से प्रेरणा लेना चाहिये उनकी तरह द्रढ संकल्पक वन विभिन्नि समाजिक बुराईयों से दूर रहकर समाज कल्याण की ओर अग्रसर रहना चाहिये उन्होसने आगे कहा भगवान परशुराम अधर्म के विरूध युदध के ध्वनज वाहक है उन्होने समस्ते जीवन में अन्याणय के खिलाफ संघर्ष किया और सत्या व न्याधय की स्थाकपना के लिये हमेशा ततपर रहे उन्होनने दूसरो की रक्षा के लिये युदध किया जिसके कारण वह पूज्यनीय है गिरजा प्रसाद चौवे के द्वारा समाज में एकता संस्काति और परपरा के संरक्षण का संदेश दिया गया अनेक वक्ताओ ने अपने वकतत्व य दिये । इसके वाद महाप्रसाद वितरण किया गया उक्तज अवसर पर मिथलेश गौतम बंसी उपाध्यांय विजय दुवे संदीप प्यापसी दीपक मिश्रा कमलेश प्यारसी भविष्यप चौवे मनीष उपाध्यायय राजेश उपाघ्योाय संतोष पुरोहित सहित अनेक लोग मौजूद रहे ।

## सड़क निर्माण की गुणवत्ता की खुलने लगी पोल



पटेरा। नगर में मुख्य सडक जो बस्ती में एक छोर से दूसरे छोर तक मुख्यमंत्री अधोसरंचना मद से निर्मित हुये अभी कुछ ही माह बीते है कि इसके निर्माण कार्य की हकीकत सामने उगने लगी है। बगैर कोई लोहा बिछाये व जो मसाला भरा है उसकी क्वालिटी घटिया होने से विजय बजाज के सामने सड़क फूल सी गई है व अंडर सो खोखली सी नजर आने लगी है जिससे दुर्घटना की संभावना बन गई है। अवकाश का दिन होने से परिषद से कोई जिम्मेदार नहीं पहुंचा। वार्ड पार्षद व परिषद उपाध्यक्ष दीपक ताम्रकार, सहित नगर के कई व्यक्ति स्थल पर पहुंचे एवं उपयंत्री व तकनीकी टीम को बुला कर इसके पीछे सही कारण व सुधार कार्य का आश्वासन दिया है। देखना है परिषद के जिम्मेदार अधिकारी नेता क्या रूख अपनाते है।

## शादी समारोह में पहुचे प्रदेश भाजपा अध्यवक्ष

हिंडोरिया। नगर में राजगढी राज परिवार में चल रहे शादी समारोह में प्रदेश भाजपा अध्यऔक्ष वी डी शर्मा पहुचे नगर चौराहे से लेकर राजगढी परिवार तक लोगो द्वारा उनका फूल मालाओ के साथ जोरदार स्वाहगत किया गया। नगर पालिका अध्यक्ष हेमेंद्र सिंह के पुत्र एवं सासंद राहुल सिंह, पूर्व विधायक प्रधुम्मफन सिंह, वैभव सिंह,भरत प्रताप सिंह के भतीजे अखिल प्रताप सिंह राजा ठाकुर का विवाह का कार्यक्रम चल रहा था जिसमें प्रदेश के भाजपा अध्य्क्ष वी डी शर्मा ने पहुचकर शुभकामनाये दी एवं परिजनो से मिले उक्तत अवसर लोगो की भारी भीड रही लोगों द्वारा जमकर आतिस वाजी की गई।

